# अंतर्राष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड

हिंदी OLYMPIAD फाउंडेशन

## कक्षा-2

### पाठ्यक्रम

वर्णों की पहचान (स्वर एवं व्यंजन संयुक्त अक्षर सहित), मात्राओं का ज्ञान, फलों, सब्ज़ियों एवं रंगों की पहचान, पशु एवं पक्षियों की आवाज़ों की पहचान, नाम वाले शब्द संज्ञा, स्वरों का सही क्रम एवं मात्राएँ, एक-अनेक (वचन), स्त्री-पुरुष (लिंग), सर्वनाम शब्द, क्रिया, विशेषण, पर्यायवाची शब्द, विलोम शब्द, अनेक शब्दों के लिए एक शब्द, गिनती 1 से 10, दिन और महीने, शुद्ध-अशुद्ध शब्द, राष्ट्रीय प्रतीक एवं पर्वों के बारे में जानकारी, मेरी संस्कृति मेरी विरासत ।

- हिंदी ओलंपियाड प्रतियोगिता में हिस्सा लेने से विद्यार्थियों को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में स्वयं को परखने तथा सफलता के मार्ग की बाधाओं के बारे में पता चलता है।
- हिंदी ओलंपियाड परीक्षाओं में दिए गए प्रश्नों को जानने-समझने से विद्यार्थियों के अंदर ज्ञान की जिज्ञासा उत्पन्न होती है। इन परीक्षाओं की तैयारी से विद्यार्थियों का बहुआयामी विकास होता है।
- अभिव्यक्ति के सर्वाधिक विश्वसनीय माध्यम के रूप में भाषा समाज के सर्वांगीण विकास, निर्माण, अस्मिता, सामाजिक और सांस्कृतिक पहचान का भी महत्त्वपूर्ण साधन है। हिंदी ओलंपियाड की तैयारी विद्यार्थियों के लिए ज्ञान के नये मार्ग का सृजन करती है।
- अंतर्राष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड परीक्षाओं में चयनित विद्यार्थियों को पुरस्कार और प्रमाण पत्र मिलता है, इससे चयनित नहीं होने वाले विद्यार्थियों में भी प्रतिस्पर्धा की भावना उत्पन्न होती है।
- हिंदी ओलंपियाड परीक्षा की तैयारी के लिए कड़ी मेहनत और एकाग्रता अति आवश्यक है। अर्जुन की तरह अपने लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित रखें और रटने की बजाय समझने का अधिक प्रयास करें, तो सफलता आपके कदम चूमेगी।

# 1–भाषा

1. जब हम लिखकर अपनी बात कहते हैं, तो दूसरा–
(क) बोलता है
(ख) पढ़ता है
(ग) सुनता है

2. जब हम बोलते हैं, तो दूसरा–
(क) सुनता है
(ख) पढ़ता है
(ग) लिखता है

3. भाषा के कितने रूप होते हैं?
(क) दो
(ख) चार
(ग) पाँच

4. मौखिक रूप में हम अपनी बात कैसे समझाते हैं?
(क) लिखकर
(ख) बोलकर
(ग) पढ़कर

5. 'लिखित' भाषा के कितने रूप हैं?
(क) तीन
(ख) सात
(ग) दो

6. लिखना और पढ़ना कौन-सी भाषा में होता है?
(क) मौखिक
(ख) लिखित
(ग) (क), (ख) दोनों

7. 'मौखिक' भाषा के कितने रूप हैं?
(क) दो
(ख) तीन
(ग) चार

8. मोहन पत्र लिख रहा है।
(क) मौखिक भाषा है
(ख) लिखित भाषा है
(ग) दोनों में से कोई नहीं

9. 'अखबार' में भाषा के किस रूप का प्रयोग होता है–
(क) लिखित
(ख) मौखिक
(ग) (क), (ख) दोनों

10. लिखित भाषा किसे कहते हैं ?
(क) बोलकर अपनी बात व्यक्त करना
(ख) सुनकर अपनी बात व्यक्त करना
(ग) लिखकर अपनी बात व्यक्त करना

# 2-वर्णमाला

**1. वर्ण कितने प्रकार के होते हैं?**

(क) तीन

(ख) दो

(ग) चार

**2. वर्ण कौन-से होते हैं?**

(क) स्वर

(ख) व्यंजन

(ग) (क), (ख) दोनों

**3. व्यंजन कितने होते हैं?**

(क) 33

(ख) 20

(ग) 11

**4. संयुक्त व्यंजन है-**

(क) झ

(ख) अ

(ग) श्र

**5. किसके टुकड़े नहीं किए जा सकते?**

(क) वर्ण

(ख) शब्द

(ग) वाक्य

**6. वर्ण किसे कहते हैं?**

(क) भाषा की सबसे छोटी इकाई

(ख) संयुक्त व्यंजन

(ग) विशेष्य

**7. वर्णमाला में स्वरों की कुल संख्या-**

(क) 10

(ख) 11

(ग) 12

**8. 'अं' को क्या कहते हैं?**

(क) अनुस्वार

(ख) अनुनासिक

(ग) विसर्ग

**9. 'घ' के बाद का वर्ण है-**

(क) ड़

(ख) ङ

(ग) झ

**10. क्रम से दिए गए वर्ण कहलाते हैं-**

(क) वर्णमाला

(ख) व्यंजन

(ग) स्वर

11. सही वर्णों के मेल से बनता है-

(क) वर्ण

(ख) वाक्य

(ग) शब्द

12. शब्दों के सही मेल से बनता है-

(क) वाक्य

(ख) शब्द

(ग) वर्ण

13. बोलते समय हमारे मुख से क्या निकलता है ?

(क) शब्द

(ख) ध्वनियाँ

(ग) वाक्य

14. 'ऋ' क्या है ?

(क) स्वर

(ख) व्यंजन

(ग) संज्ञा

15. निम्नलिखित में से आगत शब्द कौन-सा है ?

(क) बरतन

(ख) जग

(ग) कॉफी

16. संयुक्त व्यंजन वर्ण कौन-सा है ?

(क) ज्ञ

(ख) त्र

(ग) (क), (ख) दोनों

17. जो न तो स्वर हैं और न ही व्यंजन उन्हें क्या कहते हैं?

(क) अयोगवाह

(ख) आगत वर्ण

(ग) संयुक्त व्यंजन

18. 'आम' शब्द में व्यंजन कौन-सा है ?

(क) आ

(ख) म

(ग) (क), (ख) दोनों

19. 'कमल' शब्द में कौन-सा वर्ण नहीं है?

(क) ल

(ख) श

(ग) क

20. मुँह से निकली सबसे छोटी ध्वनि को कहते हैं-

(क) व्यंजन

(ख) स्वर

(ग) वर्ण

# 3-मात्राएँ

1. मात्राएँ किसे कहते हैं ?

(क) स्वरों के निश्चित चिह्न

(ख) विशेषण को

(ग) सर्वनाम को

2. 'चाल' शब्द में कौन-सी मात्रा है?

(क) आ

(ख) उ

(ग) इ

3. चाय छानने की --------ला दो -

(क) पन्नी

(ख) छन्नी

(ग) दोनों

4. -------- पार्क में खेल रहा है -

(क) कच्चा

(ख) बच्चा

(ग) सच्चा

5. हरे रंग का होता है -

(क) बिल्ली

(ख) पत्ता

(ग) गड्ढा

6. सही एवं शुद्ध शब्द चुनिए-

(क) यग्य

(ख) यज्ञ

(ग) यज्ञा

7. सही एवं शुद्ध शब्द चुनिए-

(क) चिट्टी

(ख) चिठ्ठी

(ग) चिट्ठी

8. सही एवं शुद्ध शब्द चुनिए-

(क) तिरशूल

(ख) त्रिशूल

(ग) तिरसूल

9. 'आँख' शब्द में प्रयोग हुआ है -

(क) अनुस्वार

(ख) अनुनासिक

(ग) अयोगवाह

10. 'कौवा' शब्द में कौन-सी मात्रा है?

(क) ो

(ख) ौ

(ग) ई

**11. शब्द बनाने में प्रयोग होती हैं-**

(क) संज्ञा

(ख) विशेषण

(ग) मात्राएँ

**12. किस स्वर की मात्रा नहीं होती-**

(क) ई

(ख) अ

(ग) आ

**13. व्यंजन ध्वनि में स्वर की मात्रा लगाकर बनते हैं-**

(क) संज्ञा

(ख) शब्द

(ग) विशेषण

**14. 'रुपया' में कौन-से स्वर की मात्रा है ?**

(क) उ

(ख) ऊ

(ग) इ

**15. 'हिरन' में कौन-सी मात्रा है ?**

(क) इ

(ख) ई

(ग) अ

**16. 'सूरज' शब्द में कौन-सी मात्रा है ?**

(क) ु

(ख) ू

(ग) ई

**17. 'कंगन' शब्द में प्रयोग हुआ है -**

(क) अनुस्वार

(ख) अनुनासिक

(ग) आगत

**18. 'रूमाल' में कौन-से स्वर की मात्रा है ?**

(क) अ

(ख) उ

(ग) ऊ

**19. चूहा शब्द में प्रयुक्त हुआ है -**

(क) ु

(ख) ू

(ग) ा

**20. 'डॉक्टर' शब्द में प्रयोग हुआ है -**

(क) अनुस्वार

(ख) अनुनासिक

(ग) आगत

# 4–संज्ञा

1. 'संज्ञा' किसे कहते हैं?

(क) व्यक्ति, वस्तु या स्थान के नाम को

(ख) विशेषता बताने वाले शब्दों को

(ग) इनमें से कोई भी नहीं

2. सही संज्ञा शब्द चुनिए-

(क) गिलास

(ख) गलास

(ग) गलिास

3. टीना ने आज केला खाया।
वाक्य में संज्ञा शब्द छाँटिए!

(क) टीना

(ख) केला

(ग) 'क और ख' दोनों

4. मेरे पास पेंसिल है- वाक्य में संज्ञा शब्द छाँटिए

(क) मेरे

(ख) पास

(ग) पेंसिल

5. सही संज्ञा शब्द चुनिए-

(क) पेढ़

(ख) पेड़

(ग) पेङ

6. सही संज्ञा शब्द चुनिए-

(क) अकाश

(ख) आकाश

(ग) आकश

7. कौन-सा शब्द संज्ञा है?

(क) अच्छा

(ख) कुरसी

(ग) देखना

8. 'यह मेरी किताब है' वाक्य में संज्ञा शब्द है-

(क) मेरी

(ख) किताब

(ग) यह

9. 'यह बगीचा सुंदर है' वाक्य में संज्ञा शब्द है-

(क) बगीचा

(ख) सुंदर

(ग) है

10. निम्न में से कौन-सा संज्ञा शब्द नहीं है-

(क) राजा

(ख) सुंदर

(ग) दूध

# 5-लिंग

1. लिंग कितने प्रकार के होते हैं?
   (क) दो
   (ख) तीन
   (ग) चार

2. पुरुष जाति का बोध होता है-
   (क) स्त्रीलिंग से
   (ख) पुल्लिंग से
   (ग) इनमे से काई नहीं

3. 'स्त्रीलिंग' किसे कहते हैं ?
   (क) पुरुष जाति का बोध कराने वाले को
   (ख) स्त्री जाति का बोध कराने वाले को
   (ग) सर्वनाम को

4. 'पुल्लिंग' किसे कहते हैं ?
   (क) पुरुष जाति का बोध कराने वाले को
   (ख) संज्ञा को
   (ग) वर्णमाला का

5. 'दादा' शब्द का स्त्रीलिंग है-
   (क) दीदी
   (ख) दादी
   (ग) दिदी

6. 'अध्यापिका' शब्द का पुल्लिंग है-
   (क) अध्यापक
   (ख) अध्यापिकाएँ
   (ग) अध्यपिकी

7. पुरुष या स्त्री जाति को बताने वाले शब्द क्या कहलाते हैं?
   (क) संज्ञा
   (ख) लिंग
   (ग) वचन

8. 'मोर' शब्द का स्त्रीलिंग है-
   (क) मोर
   (ख) मोरनी
   (ग) मोरनि

9. 'भाई' शब्द क्या है?
   (क) स्त्रीलिंग
   (ख) पुल्लिंग
   (ग) इनमें से कोई नहीं

10. 'बंदरिया' शब्द क्या है?
    (क) स्त्रीलिंग
    (ख) पुल्लिंग
    (ग) दोनों

11. 'चूहा' शब्द क्या है?
    (क) पुल्लिंग
    (ख) स्त्रीलिंग
    (ग) इनमें से कोई नहीं

12. 'चाची' का पुल्लिंग शब्द है-
    (क) चाची
    (ख) चाचू
    (ग) चाचा


हिंदी OLYMPIAD फाउंडेशन

# 6-वचन

1. 'ताला' शब्द के लिए अनेक शब्द है-

(क) तालों

(ख) ताले

(ग) तालायें

2. वचन के कितने भेद होते हैं?

(क) दो

(ख) तीन

(ग) चार

3. 'एकवचन' किसे कहते हैं?

(क) एक से ज्यादा की संख्या बताने वाले शब्द

(ख) भाषा की सबसे छोटी इकाई को

(ग) एक की संख्या बताने वाले शब्द

4. इनमें से वचन का भेद कौन-सा है?

(क) एकवचन

(ख) बहुवचन

(ग) (क), (ख) दोनों

5. 'छात्रों' शब्द के लिए एकवचन है-

(क) छात्रे

(ख) छात्र

(ग) छत्रों

6. चंदा मामा है-

(क) अनेक

(ख) एक

(ग) दो

7. 'पाठक' शब्द का बहुवचन रूप है-

(क) पाठ्को

(ख) पाठकों

(ग) पठक

8. वचन किसे कहते हैं?

(क) जिन शब्दों से एक या अनेक होने का पता चले

(ख) एक की संख्या बताने वाले शब्द

(ग) वस्तु की विशेषता बताने वाले को

9. 'राजा' शब्द का बहुवचन है-

(क) राजों

(ख) राजाओं

(ग) राजओं

10. वचन कितने प्रकार के होते हैं?

(क) दो

(ख) तीन

(ग) चार

11. 'पतंग' शब्द के लिए अनेक शब्द है-

(क) पतंग

(ख) पतंगें

(ग) पतंगो

12. 'दरवाज़े' शब्द के लिए एकवचन है-

(क) दरवाज़ों

(ख) दरवाज़े

(ग) दरवाज़ा

13. 'गाड़ी' शब्द के लिए अनेक शब्द है-

(क) गाड़ियाँ

(ख) गाड़ियों

(ग) गाडियाएँ

14. 'पुस्तक' शब्द के लिए अनेक शब्द है-

(क) पुस्तकें

(ख) पुस्तकों

(ग) पुसतके

15. 'लड़की' शब्द का अनेक शब्द है-

(क) लड़कि

(ख) लड़कियों

(ग) लड़कियाँ

16. 'नारियाँ' शब्द का एकवचन है-

(क) नर

(ख) नारी

(ग) नारियों

17. निम्न में एकवचन है-

(क) मालाओं

(ख) मालाएं

(ग) माला

18. गमला शब्द का बहुवचन है -

(क) गमलें

(ख) गमले

(ग) गामलें

19. 'बहुवचन' किसे कहते हैं ?

(क) एक से ज़्यादा की संख्या बताने वाले शब्द

(ख) भाषा की सबसे छोटी इकाई को

(ग) एक की संख्या बताने वाले शब्द

20. चिड़िया शब्द का बहुवचन है-

(क) चिड़ियों

(ख) चिड़िया

(ग) चिड़ियाँ



हिंदी OLYMPIAD फाउंडेशन

# 7-सर्वनाम

1. सर्वनाम किसे कहते हैं ?

(क) नाम की जगह प्रयोग होने वाला शब्द

(ख) व्यक्ति, वस्तु व स्थान के नाम को

(ग) इनमें से कोई नहीं

2. नाम की जगह आने वाले शब्दों को क्या कहते हैं ?

(क) संज्ञा

(ख) सर्वनाम

(ग) वर्ण

3. वह कल ही लौटकर आया है-इनमें से कौन-सा शब्द सर्वनाम है ?

(क) कल

(ख) वह

(ग) लौटकर

4. 'अपने लिए' कौन-सा सर्वनाम होगा ?

(क) हम

(ख) मैं

(ग) वह

5. दूसरों के लिए सर्वनाम का प्रयोग होता है-

(क) हम

(ख) तुम

(ग) वे

6. वे घर 'गईं' वाक्य में सर्वनाम है -

(क) वे

(ख) घर

(ग) गईं

7. ...................... क्या कर रहे हैं ?

(क) आप

(ख) मैं

(ग) तुम

8. वह रो रही थी-इनमें से कौन-सा शब्द सर्वनाम है?

(क) वह

(ख) रो

(ग) रही

9. 'देखो वह जा रहा है' वाक्य में सर्वनाम है-

(क) देखो

(ख) वह

(ग) जा रहा है

10. सही सर्वनाम शब्द चुनिए-

(क) अमरुद

(ख) राधा

(ग) वह

11. सही सर्वनाम शब्द चुनिए-

(क) कौन

(ख) शेर

(ग) था

12. ............. प्रतिदिन बाज़ार जाता हूँ -

(क) मैं

(ख) वे

(ग) वह

13. उसे चुप कराओ- इनमें से कौन-सा शब्द सर्वनाम है?

(क) उसे

(ख) चुप

(ग) कराओ

14. तुम्हें माँ बुला रही है-इनमें से कौन-सा शब्द सर्वनाम है?

(क) माँ

(ख) बुला

(ग) तुम्हें

15. वह मेरा भाई है-इनमें से कौन-सा शब्द सर्वनाम है?

(क) वह, मेरा

(ख) भाई, मेरा

(ग) मेरा, है

16. तुम्हारे पिताजी क्या करते हैं ? इनमें से कौन-सा शब्द सर्वनाम है?

(क) तुम्हारे

(ख) पिताजी

(ग) करते

17. उसने लाल कपड़े पहने हैं-इनमें से कौन-सा शब्द सर्वनाम है ?

(क) उसने

(ख) कपड़े

(ग) पहने

18. हम कल दिल्ली जाएँगे-इनमें से कौन-सा शब्द सर्वनाम है ?

(क) कल

(ख) हम

(ग) दिल्ली

19. वह चला गया-इनमें से कौन-सा शब्द सर्वनाम है ?

(क) गया

(ख) वह

(ग) चला

20. छत पर कोई है-इनमें से कौन-सा शब्द सर्वनाम है?

(क) छत

(ख) पर

(ग) कोई

# 8-विशेषण

1. आम मीठा है-वाक्य में विशेषण है-

   (क) आम

   (ख) मीठा

   (ग) राम

2. इमली होती है -

   (क) कड़वी

   (ख) मीठी

   (ग) खट्टी

3. काव्या अच्छी लड़की है-
   वाक्य में विशेषण है -

   (क) काव्या

   (ख) अच्छी

   (ग) लड़की है

4. घास होती है -

   (क) हरी

   (ख) नीली

   (ग) सफ़ेद

5. जिराफ़ की गर्दन लंबी होती है।
   वाक्य में विशेषण है -

   (क) गर्दन

   (ख) लंबी

   (क) जिराफ

6. 'बगीचा सुंदर है' में विशेषण है-

   (क) बगीचा

   (ख) सुंदर

   (ग) है

7. तरबूज़ होता है -

   (क) लाल

   (ख) काला

   (ग) बैंगनी

9. 'गाय हरी घास चरती है' वाक्य
   में सही विशेषण शब्द भरिए-

   (क) गाय

   (ख) चरती है

   (ग) हरी

8. 'मैं गरम दूध पीता हूँ' मैं विशेषण है -

   (क) दूध

   (ख) गरम

   (ग) मैं

10. ये ताज़े फल हैं वाक्य में
    विशेषण है -

    (क) ताज़े

    (ख) फल

    (ग) ये

11. ‘शेर के दाँत नुकीले हैं’ वाक्य में विशेषण है –

(क) दाँत

(ख) नुकीले

(ग) शेर

12. विशेषण किसे कहते हैं?

(क) विशेषता बताने वाले शब्दों को

(ख) वस्तु व स्थान के नाम को

(ग) काम बताने वाले शब्दों को

13. ‘यह सुंदर मोर है’ वाक्य में विशेषण शब्द है–

(क) यह

(ख) सुंदर

(ग) मोर

14. ‘आइसक्रीम ठंडी है’ वाक्य में विशेषण शब्द है–

(क) आइसक्रीम

(ख) ठंडी

(ग) इनमें से कोई नहीं

15. ‘यहाँ पाँच आम रखे हैं’ वाक्य में विशेषण शब्द है–

(क) पाँच

(ख) यह

(ग) आम

16. ‘साड़ी ........... होती है’ वाक्य में सही विशेषण शब्द भरिए–

(क) लंबी

(ख) छोटी

(ग) पतली

17. ‘सेब ........... होता है’ वाक्य में सही विशेषण शब्द भरिए ।

(क) काला

(ख) मीठा

(ग) सफ़ेद

18. ‘मोहन सीधा बालक है’ वाक्य में सही विशेषण शब्द भरिए–

(क) मोहन

(ख) सीधा

(ग) बालक

19. ‘चाय गरम है’ वाक्य में सही विशेषण शब्द भरिए–

(क) चाय

(ख) गरम

(ग) (क), (ख) दोनों

20. ‘मेरे पास ........... पेंसिल हैं’ वाक्य में सही विशेषण शब्द भरिए–

(क) मेरे

(ख) दस

(ग) पेंसिल



हिंदी OLYMPIAD फाउंडेशन

# 9-क्रिया

1. **क्रिया किसे कहते हैं?**

(क) काम बताने वाले शब्दों को

(ख) नाम की जगह प्रयोग होने वाला शब्द

(ग) व्यक्ति, वस्तु व स्थान के नाम का

2. **राधा गाना गा रही है-वाक्य में सही क्रिया शब्द बताएँ-**

(क) राधा

(ख) गा रही है

(ग) गाना

3. **'बिल्ली दूध पी रही है' वाक्य में क्रिया शब्द है-**

(क) पी रही है

(ख) दूध

(ग) बिल्ली

4. **'बालक पानी पी रहा है' वाक्य में क्रिया शब्द है-**

(क) बालक

(ख) पानी

(ग) पी रहा है

5. **'बंदर पेड़ पर लटका हुआ है' वाक्य में क्रिया शब्द है-**

(क) बंदर

(ख) पेड़

(ग) लटका हुआ है

6. **सही क्रिया शब्द चुनिए-**

(क) पढ़ना

(ख) राम

(ग) मीठा

7. **इनमें से कौन-सा क्रिया शब्द नहीं है-**

(क) हँसना

(ख) खेलना

(ग) सेब

8. **किसी काम का करना या होना कहलाता है-**

(क) विशेषण

(ख) क्रिया

(ग) विलोम

9. **'तोता आम खा रहा है' वाक्य में क्रिया शब्द है-**

(क) तोता

(ख) खा रहा है

(ग) आम

10. **'मछली पानी में तैर रही है' वाक्य में क्रिया शब्द है-**

(क) तैर रही है

(ख) पानी

(ग) मछली

11. **'मीना पानी पी रही है'**
**वाक्य में क्रिया शब्द है-**

(क) मीना

(ख) पानी

(ग) पी रही है

12. **'रिमझिम साइकिल चलाती है'**
**वाक्य में क्रिया शब्द है-**

(क) चलाती है

(ख) रिमझिम

(ग) साइकिल

13. **मछली -**

(क) तैर रही है

(ख) दौड़ रही है

(ग) भाग रही है

14. **'हवा तेज चलती है'**
**वाक्य में क्रिया शब्द है-**

(क) हवा

(ख) चलती है

(ग) तेज

15. **'मोहन शहर जाता है'**
**वाक्य में क्रिया शब्द है-**

(क) मोहन

(ख) शहर

(ग) जाता है

16. **'धोबी कपड़े धोता है'**
**वाक्य में क्रिया शब्द है-**

(क) कपड़े

(ख) धोता है

(ग) धोबी

17. **'नीना पानी पीती है'**
**वाक्य में क्रिया शब्द है-**

(क) पानी

(ख) पीती है

(ग) नीना

18. **मोनिका साइकिल -**

(क) चलाती है

(ख) चलाता है

(ग) चलाते हैं

19. **'नेहा पुस्तक पढ़ती है'**
**वाक्य में क्रिया शब्द है-**

(क) पढ़ती है

(ख) नेहा

(ग) पुस्तक

20. **'दादी जी खाना बना रही हैं'**
**वाक्य में क्रिया शब्द है-**

(क) बना रही हैं

(ख) दादी जी

(क) खाना



हिंदी OLYMPIAD फाउंडेशन

# 10-विलोम शब्द

1. 'विलोम' शब्द का अर्थ क्या है?

(क) सीधा

(ख) विपरीत

(ग) इनमें से कोई नहीं

2. 'नया' शब्द का विलोम शब्द क्या है?

(क) अँधेरा

(ख) पुराना

(ग) जाना

3. 'सोना' शब्द का विलोम है-

(क) पास

(ख) ऊपर

(ग) जागना

4. 'आगे' शब्द का विलोम है-

(क) नीचे

(ख) आना

(ग) पीछे

5. 'रोना' शब्द का विलोम है-

(क) हँसना

(ख) पुराना

(ग) सोना

6. 'गरमी' शब्द का विलोम है-

(क) सरदी

(ख) ठंडा

(ग) (क), (ख) दोनों

7. 'सीधा' शब्द का विलोम है-

(क) सरल

(ख) आसान

(ग) उलटा

8. 'थोड़ा' शब्द का विलोम क्या है?

(क) कम

(ख) ज़्यादा

(ग) भारी

9. 'भारी' शब्द का विलोम है-

(क) नीचा

(ख) हलका

(ग) साफ

10. 'सुबह' शब्द का विलोम है-

(क) दोपहर

(ख) शाम

(ग) रात

11. 'नया' शब्द का विलोम है-

(क) पुराना

(ख) नवीन

(ग) साफ़

12. 'रात' शब्द का विलोम है-

(क) सुबह

(ख) दिन

(ग) दीन

13. 'एक' शब्द का विलोम है-

(क) काफी

(ख) अधिक

(ग) अनेक

14. 'मोटा' शब्द का विलोम है-

(क) छोटा

(ख) पतला

(ग) बड़ा

15. 'अंदर' शब्द का विलोम है-

(क) बाहर

(ख) बहार

(ग) बहरा

16. 'बड़ा' शब्द का विलोम है-

(क) छोटा

(ख) रोता

(ग) सोता

17. 'उत्थान' शब्द का विलोम है-

(क) नीचे

(ख) ऊपर

(ग) पतन

18. 'पीछे' शब्द का विलोम है-

(क) नीचा

(ख) आगे

(ग) भारी

19. 'आशा' शब्द का विलोम है-

(क) प्रत्याशा

(ख) निराशा

(ग) आस

20. 'धूप' शब्द का विलोम है-

(क) उजाला

(ख) अँधेरा

(ग) छाया

# 11-पर्यायवाची शब्द

1. पर्यायवाची किसे कहते हैं?

(क) समान अर्थ बताने वाले शब्द

(ख) विपरीत अर्थ बताने वाले शब्द

(ग) इनमें से कोई नहीं

2. 'पृथ्वी' शब्द का पर्यायवाची है-

(क) शशि

(ख) रवि

(ग) धरती

3. 'फूल' शब्द का पर्यायवाची है-

(क) बाग

(ख) पुष्प

(ग) बरसात

4. 'आकाश' शब्द का पर्यायवाची है-

(क) आसमान

(ख) पेड़

(ग) बादल

5. 'घर' शब्द का पर्यायवाची है-

(क) धरती

(ख) बाग

(ग) मकान

6. 'हवा' शब्द का पर्यायवाची है-

(क) वायु

(ख) समीर

(ग) (क), (ख) दोनों

7. 'बादल' शब्द का पर्यायवाची है-

(क) घन

(ख) भूमि

(ग) पवन

8. 'पुत्र' शब्द का पर्यायवाची है-

(क) सुत

(ख) वाटिका

(ग) भूप

9. जो शब्द समान अर्थ बताते हैं

(क) पर्यायवाची शब्द कहलाते हैं

(ख) विलोम शब्द कहलाते हैं

(ग) संज्ञा कहलाते हैं

10. 'चाँद' शब्द का पर्यायवाची है-

(क) शशि

(ख) दिवस

(ग) ग्रंथ

11. 'आँख' शब्द का पर्यायवाची है-

(क) चक्षु

(ख) नीर

(ग) शैल

12. पानी का पर्यायवाची शब्द है-

(क) शशि

(ख) तालाब

(ग) जल

13. वृक्ष का पर्यायवाची शब्द है-

(क) नभ

(ख) पेड़

(ग) बगीचा

14. सूरज का पर्यायवाची शब्द है-

(क) सूर्य

(ख) रजनी

(ग) चंद्रमा

15. बारिश का पर्यायवाची शब्द है-

(क) बादल

(ख) वर्षा

(ग) जल

16. कमल का पर्यायवाची शब्द है-

(क) वारि

(ख) सरोज

(ग) अनल

17. माँ का पर्यायवाची शब्द है-

(क) पिता

(ख) भाई

(ग) माता

18. आग का पर्यायवाची शब्द है-

(क) सदन

(ख) अनल

(ग) गेह

19. सुमन का पर्यायवाची शब्द है-

(क) फूल

(ख) कांटा

(ग) पत्ता

20. धरती का पर्यायवाची शब्द है-

(क) धरा

(ख) किताब

(ग) बरसात



हिंदी OLYMPIAD फाउंडेशन

# 12-अनेक शब्दों के लिए एक शब्द

1. 'जो मिट्टी के बर्तन बनाता है' शब्द समूह के लिए एक शब्द है-

(क) कुम्हार

(ख) चित्रकार

(ग) चालक

2. 'जो गाड़ी चलाता है' शब्द समूह के लिए एक शब्द है-

(क) चालक

(ख) दयालु

(ग) सैनिक

3. 'जो चित्र बनाता है' शब्द समूह के लिए एक शब्द है-

(क) लुहार

(ख) चित्रकार

(ग) चालक

4. 'जो बच्चों को पढ़ाती है' शब्द समूह के लिए एक शब्द है-

(क) किसान

(ख) बढ़ई

(ग) अध्यापिका

5. 'जो चिट्ठी बाँटता है' शब्द समूह के लिए एक शब्द है-

(क) दयालु

(ख) डाकिया

(ग) लोहार

6. 'जो बगीचे की देखभाल करता है' शब्द समूह के लिए एक शब्द है-

(क) माली

(ख) चित्रकार

(ग) किसान

7. 'जो कपड़े सिलता हो' शब्द समूह के लिए एक शब्द है-

(क) दर्ज़ी

(ख) किसान

(ग) कवि

8. 'जो मरीजों का इलाज करता है' शब्द समूह के लिए एक शब्द है-

(क) चित्रकार

(ख) डॉक्टर

(ग) इनमें से कोई नहीं

# 13 यह भी जानें

### संख्याओं के नाम

| | | |
|---|---|---|
| 1 | – | एक |
| 2 | – | दो |
| 3 | – | तीन |
| 4 | – | चार |
| 5 | – | पाँच |
| 6 | – | छह |
| 7 | – | सात |
| 8 | – | आठ |
| 9 | – | नौ |
| 10 | – | दस |

### दिनों के नाम

रविवार
सोमवार
मंगलवार
बुधवार
बृहस्पतिवार
शुक्रवार
शनिवार

### अशुद्ध एवं शुद्ध शब्द

| अशुद्ध | शुद्ध |
|---|---|
| मै | मैं |
| हुँ | हूँ |
| मैनें | मैंने |
| बिमार | बीमार |
| दुसरा | दूसरा |
| परिक्षा | परीक्षा |
| आईए | आइए |
| रूपए | रुपए |
| गुरू | गुरु |
| करेगें | करेंगे |

### महीनों के नाम

जनवरी
फरवरी
मार्च
अप्रैल
मई
जून
जुलाई
अगस्त
सितंबर
अक्तूबर
नवंबर
दिसंबर


हिंदी OLYMPIAD फाउंडेशन